आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 03.12.2025 समय : 02.10PM

दिव्यांग दिवस

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर कहा कि दिव्यांगजनों को ईश्वर ने विशेष क्षमताएं दी हैं, जो उन्हें हर कठिनाई में मजबूत बने रहने और बड़ी उपलब्धियां हासिल करने की शक्ति देती हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए हमेशा उनके साथ खड़ी है।

प्रदेश में आज विश्व दिव्यांग दिवस पर कई कार्यक्रम हो रहे हैं, जिनका उद्देश्य दिव्यांगजनों को सम्मान, अवसर और अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देना है। सभी जिलों में खेल प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, नाटक, चित्रकला और विभिन्न प्रदर्शनी आयोजित की जा रही हैं।

समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज विभिन्न विभागों की समीक्षा कर रहे हैं। वल्लभ भवन में शुरू हुई इन बैठकों में पहले महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा पूरी हुई, जिसमें विभाग में 9 हजार से अधिक पदों पर भर्ती शुरू करने पर सहमति बनी। आंगनवाड़ी भर्ती को पारदर्शी और आसान बनाने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल बनाने पर भी चर्चा हुई। विभागीय मंत्री निर्मला भूरिया और वरिष्ठ अधिकारी बैठक में मौजूद रहे। इसके बाद स्वास्थ्य, सहकारिता, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, सामाजिक न्याय तथा कृषि और उद्यानिकी विभाग की समीक्षा बैठकों का क्रम जारी है, जिनमें संबंधित मंत्री और अधिकारी भाग ले रहे हैं।

एसआईआर

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है और प्रदेश के 12 जिलों ने 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया है। मुख्य निर्वाचन

पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने कल भोपाल में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की ।

बड़वानी जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण के तहत 2 दिसंबर की रात तक जिले के कुल 10 लाख 94 हजार 411 मतदाताओं में से 10 लाख 92 हजार 234 का डिजिटलाइजेशन पूरा हो चुका है। पहाड़ी क्षेत्रों में सर्वे सबसे बड़ी चुनौती थी, लेकिन बीएलओ अपनी मेहनत से इसे भी सफलतापूर्वक पूरा कर रहे हैं।

गैस त्रासदी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल गैस त्रासदी की 41वीं बरसी पर सभी दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी और प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जताई। 2–3 दिसंबर 1984 की रात यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से जहरीली गैस के रिसाव से हजारों लोगों की मौत हो गई थी और शहर में भारी त्रासदी हुई थी।

बरकतउल्ला भवन सेंट्रल लाइब्रेरी में भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग ने सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया। प्रार्थना सभा में मंत्री कुंवर विजय शाह, कृष्णा गौर,महापौर मालती राय के साथ सभी धर्म गुरुओं के अलावा आमजन शामिल हुए। इस दौरान सभी धर्मगुरुओं ने अपने-अपने धर्म का पाठ कर दिवंगतों की आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मौसम

प्रदेश में ठंड लगातार बढ़ रही है और कई शहरों में रात का तापमान 9 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार 5 दिसंबर से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे 6 और 7 दिसंबर को प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। इंदौर, ग्वालियर, चंबल, उज्जैन और सागर संभाग में ठंड का असर ज्यादा रहेगा। पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा, जहां तापमान 7.2 डिग्री दर्ज हुआ। भोपाल और इंदौर में भी रात का पारा 9 डिग्री से नीचे रहा।

संक्षिप्त समाचार

- भारत–दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की एक दिवसीय क्रिकेट श्रृंखला का दूसरा मैच आज रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया है।
- आगरमालवा जिले में दुग्ध समृद्धि अभियान के द्वितीय चरण एवं क्षीरधारा ग्राम योजना के तहत् पशुपालन विभाग द्वारा कल ऑनलाइन प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- शिवपुरी जिले से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत आज 279 तीर्थ यात्रियों को लेकर तीर्थ यात्री स्पेशल ट्रेन मां कामाख्या देवी, गुवाहाटी असम के लिए तीर्थ दर्शन के लिए रवाना हुई।